हिन्दुस्तान

1936

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

शुक्रवार

28 फरवरी 2025, फाल्गुन शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा, विक्रम संवत् 2081, बरेली


**PAGE NO 9 : TOP**

# एसआरएमएस और ठेकेदार इलेवन में होगा फाइनल मैच

बरेली। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में एसआरएमएस और ठेकेदार इलेवन ने प्रवेश किया।गुरुवार को पहले सेमी फाइनल में ठेकेदार इलेवन ने आईकि कलेक्शन बरेली को 42 रन से और दूसरे सेमीफाइनल में एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने आईकि कलेक्शन एसजी कैंट बरेली को 30 रन से पराजित कर फाइनल में स्थान बनाया।

पहले सेमीफाइनल में तीन विकेट लेने वाले ठेकेदार इलेवन के गेंदबाज विशाल सिंह चौधरी को मैन आफ द मैच चुना गया। दूसरे सेमी फाइनल में 21 गेंदों पर 3 छक्के और 7 चौकों की मदद से 54 रन बनाने वाले एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी के अभिषेक मैन आफ द मैच बने। टूर्नामेंट का फाइनल शनिवार सुबह 9.30 बजे खेला जाएगा। जिसमें विजेता टीम को एक लाख रुपये और उपविजेता को 51 हजार का पुरस्कार मिलेगा।